अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2018
## (शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** शिक्षण अधिगम सिद्धान्त नहीं है- **(1)**

(A) क्रियाशीलता का सिद्धान्त (B) प्रेरणा का सिद्धान्त
(C) रुचि का सिद्धान्त (D) प्रयोगात्मक कार्य प्रविधि।

**2.** सम्प्रेषण के घटक हैं- **(1)**

(A) प्रेषक (B) सन्देश
(C) ग्राही (D) उपर्युक्त सभी।

**3.** निम्नलिखित में से श्रव्य दृश्य सामग्री नहीं है- **(1)**

(A) रेडियो (B) चलचित्र
(C) टेलीविजन (D) कम्प्यूटर

**4.** भ्रमण प्रविधि के चरण हैं- **(1)**

(A) शैक्षिक उद्देश्य या प्रकरण का चुनाव (B) पर्यटन स्थल का चयन
(C) पर्यटन स्थल हेतु सामग्री (D) उपर्युक्त सभी।

**5.** 'प्रयोग-प्रदर्शन' सर्वाधिक प्रयुक्त होता है- **(1)**

(A) इतिहास विषय में (B) भाषा विषय में
(C) विज्ञान विषय में (D) नागरिकशास्त्र विषय में।

**6.** 'पाठ के प्रमुख तथ्यों को बार-बार दोहराना' किस शिक्षण सिद्धान्त के अन्तर्गत आता है? **(1)**

(A) प्रेरणा का सिद्धान्त (B) नियोजन का सिद्धान्त
(C) चयन का सिद्धान्त (D) आवृत्ति का सिद्धान्त ।

**7.** शिक्षण को आनन्ददायक, मनोरंजक और रुचिपूर्ण बनाने हेतु उत्तम विधि है- **(1)**

(A) व्याख्यान प्रविधि (B) खेल/गतिविधि प्रविधि
(C) स्पष्टीकरण प्रविधि (D) अवलोकन एवं निरीक्षण प्रविधि।

**8.** शिक्षण प्रविधियों के प्रकार हैं- **(1)**

(A) प्रश्नोत्तर (B) वर्णन
(C) कहानी कथन (D) उपर्युक्त सभी।

**9.** शिक्षण का सूत्र नहीं है- **(1)**

(A) ज्ञात से अज्ञात की ओर (B) पूर्ण से अंश की ओर
(C) स्थूल से सूक्ष्म की ओर (D) प्रेरणा का सिद्धान्त।

**10.** "शिक्षण को पूर्व ज्ञान पर ही नये ज्ञान को आधारित करना चाहिए।" यह कथन किस शिक्षण सूत्र की ओर संकेत करता है? **(1)**

(A) ज्ञात से अज्ञात की ओर (B) पूर्ण से से अंश की ओर
(C) स्थूल से सूक्ष्म की ओर (D) सरल से कठिन की ओर

**11.** सहयोग की भावना का विकास सम्भव है- **(1)**

(A) समूह कार्य से (B) वाद-विवाद से

(C) प्रश्नोत्तर से (D) सहायक सामग्री से

**12.** बच्चे में कल्पनाशक्ति का विकास किया जा सकता है- **(1)**

(A) कहानी द्वारा (B) समूह कार्य द्वारा

(C) प्रश्नोत्तर द्वारा (D) व्याख्यान द्वारा।

**13.** "शिक्षण सूत्र पथ-प्रदर्शन करते हैं जिनमें सिद्धान्त से व्यवहार में सहायता के लिए अपेक्षा की जाती है।" यह कथन है- **(1)**

(A) रूसो का (B) रेमण्ट का

(C) हरबर्ट गुली का (D) आर.के. शर्मा का

**14.** उपचारात्मक शिक्षण हेतु क्रियाकलाप कराये जाते हैं- **(1)**

(A) अभ्यास कार्य करना (B) खेल व अन्य गतिविधियों का आयोजन करना

(C) समूह चर्चा कराना (D) उपर्युक्त सभी।

**15.** प्रभावी सम्प्रेक्षण की प्रक्रिया होती है- **(1)**

(A) एकपक्षीय (B) द्विपक्षीय

(C) एकपक्षीय और द्विपक्षीय दोनों (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** किन्हीं दो शिक्षण सूत्रों का उल्लेख कीजिए। **(1)**

**17.** शिक्षण में 'रुचि के सिद्धान्त' से क्या आशय है? **(1)**

**18.** सम्प्रेषण के प्रकार कौन-कौन से हैं? **(1)**

**19.** शिक्षण में प्रश्नोत्तर प्रविधि का क्या महत्व है? **(1)**

**20.** गतिविधि आधारित शिक्षण की दो उपयोगिता लिखिए। **(1)**

**21.** बहुस्तरीय कक्षा शिक्षण किसे कहते हैं? **(1)**

**22.** 'पूर्ण से अंश की ओर' शिक्षण सूत्र का क्या अभिप्राय है? **(1)**

**23.** प्रश्नों की दो विशेषताएँ लिखिए। **(1)**

**24.** पुनर्बलन कौशल का क्या उद्देश्य है? **(1)**

**25.** शिक्षण अधिगम सामग्री से क्या अभिप्राय है? **(1)**

**26.** शिक्षण के किन्हीं दो उद्देश्यों को लिखिए। **(1)**

**27.** उपचारात्मक शिक्षण किसे कहते हैं? **(1)**

**28.** कहानी कथन प्रविधि के क्या उद्देश्य हैं? **(1)**

**29.** शिक्षण में क्रियाशीलता के सिद्धान्त की क्या उपयोगिता है ? **(1)**

**30.** विवरण प्रविधि किसे कहते हैं? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** प्रयोग प्रदर्शन प्रविधि का प्रयोग करते समय क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए? **(2)**

**32.** खेल विधि पर आधारित शिक्षण पद्धतियों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**33.** कक्षा शिक्षण में शिक्षण अधिगम सामग्री की आवश्यकता तथा महत्व पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**34.** शिक्षण कौशलों की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए किन्हीं दो शिक्षण कौशलों को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**35.** बहुकक्षा शिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**36.** शिक्षण प्रविधियों की कक्षा शिक्षण में क्या उपयोगिता है? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**37.** किन्हीं चार शिक्षण सूत्रों का वर्णन करते हुए उनकी उपयोगिता बताइए। **(2)**

**38.** शिक्षण में 'प्रेरणा के सिद्धान्त' का क्या महत्व है? **(2)**

**39.** कक्षा सम्प्रेषण में प्रभावशीलता किन-किन तरीकों पर निर्भर करती है? **(2)**

**40.** गतिविधि आधारित शिक्षण की उपयोगिता व महत्व का उल्लेख कीजिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/2018

2. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

3. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN